an>

Title: Probelm arising due to introduction of DEMU train in place of Jodhpur-Hisar passenger train.

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में मेरे क्षेत्र से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 54823 और 54824 जोधपुर-हिसार पैसेंजर ट्रेन के स्थान पर पिछले एक वर्ष से डेमू ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके कारण इस क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। इस रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले बीमार, बुजुर्ग एवं लम्बी दूरी की यात्रा हेतु जोधपुर व हिसार से आगे जाने व संपर्क गाड़ियों को पकड़ने वाले यात्रियों के लिए बैठने, सामान रखने और शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था न होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जोधपुर से हिसार की दूरी लगभग पाँच सौ किलोमीटर से अधिक है तथा इस रेल मार्ग पर पर 50 से अधिक स्टेशनों पर उक्त गाड़ी का ठहराव होता है। डेमू ट्रेन मात्र 200-500 किलोमीटर के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए ही उपयुक्त रहती है। जब से इस डेमू ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, तब से लेकर आज तक कई बार बीच रास्ते में इस गाड़ी का इंजन खराब होता रहा है। यह डेमू गाड़ी इतनी लम्बी दूरी के लिए उपयुक्त नहीं है। उक्त पैसेंजर गाड़ी के संचालन हेतु इस क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है। मेरा आपसे अनुरोध है कि हिसार, सादुलपुर, चुरू, रतनगढ़, सुजानगढ़, डीडवाना, डेगाना एवं जोधपुर के लोगों की मांग एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उक्त डेमू ट्रेन के स्थान पर पैसेंजर गाड़ी के संचालन का कष्ट करें।